प्रतिदर्श प्रश्नपत्र - 2023

द्वितीय आवधिक परीक्षा

विषय - हिंदी (पाठ्यक्रम-अ)

कक्षा - नौवीं

निर्धारित समय : 90 मिनट                                                    अधिकतम अंक : 40

सामान्य निर्देश : -

- निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़ें और उनका पालन करें।
- इस प्रश्नपत्र में वैकल्पिक और वर्णनात्मक दोनों तरह के प्रश्न पूछे गए हैं।
- इस प्रश्नपत्र में कुल सात प्रश्न पूछे गए हैं। आपको सभी प्रश्नों के उत्तर देने हैं।
- समय-सीमा का ध्यान रखें और निर्देशानुसार उत्तर लिखें।

**प्रश्न-1 निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें-** 5x1= 5

सोमेश्वर की घाटी के उत्तर में ऊँची पर्वतमाला है, उसी पर बिल्कुल शिखर पर कौसानी बसा हुआ है। कौसानी से दूसरी ओर फिर ढाल शुरू हो जाती है। कौसानी के अड्डे पर जाकर बस रुकी। छोटा-सा, बिल्कुल उजड़ा-सा गाँव और बर्फ का तो कहीं नाम-निशान नहीं। बिल्कुल ठगे गये हम लोग। कितना खिन्न था मैं। अनखते हुए बस से उतरा कि जहाँ था वहीं पत्थर की मूर्ति-सा स्तब्ध खड़ा रह गया। कितना अपार सौंदर्य बिखरा था, सामने की घाटी में। इस कौसानी की पर्वतमाला ने अपने अंचल में यह जो कत्यूर की रंग-बिरंगी घाटी छिपा रखी है। इसमें किन्नर और यक्ष ही तो वास करते होंगे।

पचासों मील चौड़ी यह घाटी, हरे मखमली कालीनों जैसे खेत, सुंदर गेरू की शिलाएँ काटकर बने हुए लाल-लाल रास्ते, जिनके किनारे-किनारे सफेद-सफेद पत्थरों की कतार और इधर-उधर से आकर आपस में उलझ जानेवाली बेलों की लडियों-सी नदियाँ। मन में तो बस यही आया कि इन बेलों की लड़ियों को उठाकर कलाई में लपेट लूँ, आँखों से लगा लूँ। अकस्मात् हम एक-दूसरे लोक में चले आए थे। इतना सुकुमार, इतना सुंदर, इतना सजा हुआ और इतना निष्कलंक कि लगा इस धरती पर तो जूते उतारकर, पाँव पोंछकर आगे बढ़ना चाहिए।

i- **कौसानी कहाँ बसा हुआ है?**

(क) बस अड्डे के पास

(ख) सोमेश्वर घाटी के उत्तर में

(ग) सड़क के उस पार

(घ) पर्वतमाला की घाटी में

ii- **लेखक पत्थर की मूर्ति-सा स्तब्ध क्यों खड़ा रह गया?**

(क) क्योंकि वहाँ बिलकुल छोटा-सा उजड़ा गाँव था

(ख) वहाँ बर्फ का कोई नमो-निशान नहीं था

(ग) क्योंकि बस वहाँ जाकर रुक गई

(घ) वहाँ चारों तरफ अपार सौन्दर्य बिखरा पड़ा था

iii- **लेखक के अनुसार किन्नर और यक्ष कहाँ वास करते होंगे?**

(क) कत्यूर की रंग-बिरंगी घाटी में

(ख) कौसानी की पर्वतमाला पर

(ग) छोटे से उजड़े गाँव में

(घ) गाँव में बस अड्डे के पास

iv- **घाटी के सौन्दर्य को देखते हुए लेखक की क्या इच्छा हुई?**

(क) हरे मखमली कालीनों जैसे खेतों को निरंतर देखे

(ख) किनारे-किनारे सफेद-सफेद पत्थरों की कतार पर चले

(ग) बेलों की लड़ियों को उठाकर कलाई में लपेट ले और आँखों से लगा ले

(घ) इधर-उधर से आकर आपस में उलझी हुई नदियों को देखे

v- **'निष्कलंक'** शब्द में उपसर्ग बताइए।

(क) कल

(ख) कलंक

(ग) निस्

(घ) नि

**प्रश्न-2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें-** 5x1= 5

*भई, सूरज*
*जरा इस आदमी को जगाओ*
*भई, पवन*
*ज़रा इस आदमी को हिलाओ,*
*यह आदमी जो सोया पड़ा है,*
*जो सच से बेखबर*
*सपनों में खोया पड़ा है।*
*वक्त पर जगाओ,*
*नहीं तो जब बेवक्त जागेगा यह*
*तो जो आगे निकल गए हैं।*
*उन्हें पाने घबरा कर भागेगा यह।*
*घबरा के भागना अलग है*
*क्षिप्र गति अलग है*
*क्षिप्र तो वह है जो सही क्षण में सजग है*
*सूरज, इसे जगाओ,*
*पवन, इसे हिलाओ।*

**i- '*जरा इस आदमी को जगाओ' - इस पंक्ति में* जगाने से क्या आशय है?**

(क) सोते हुए आदमी को जगा देना

(ख) कर्तव्यहीन को सचेत करना

(ग) चारपाई पर पड़े व्यक्ति को उठा देना

(घ) मनुष्य के विषय में बता देना

**ii- कवि के अनुसार कौन-सा आदमी *सच से बेखबर है*?**

(क) जो एक स्थान पर बैठा है

(ख) जो नींद से जाग उठा है

(ग) जो कल्पनाओं में खोया पड़ा है

(घ) जो अपने पथ पर दौड़ रहा है

**iii- बेवक्त जागने का हमारे ऊपर क्या प्रभाव पड़ता है?**

(क) प्रगति करने वालों से हम पीछे हो जाते हैं

(ख) कुछ लोग हमसे पीछे रह जाते हैं

(ग) हमसे कोई आगे नहीं जा पाता है

(घ) सब लोग आगे चले जाते हैं

**iv- कवि ने क्षिप्र किसे माना है?**

(क) जो दूसरों के साथ रहता है

(ख) जो हमेशा आराम करता है

(ग) जो दूसरों से सदा आगे है

(घ) जो सही क्षण में सजग है

**v- निम्नलिखित में से 'पवन' शब्द का समानार्थी शब्द नहीं है?**

(क) समीर

(ख) वायु

(ग) निर्झर

(घ) अनिल

**प्रश्न-3 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए-** 5x1= 5

(i) 'प्र' उपसर्ग से कोई दो शब्द बनाइए।

(ii) 'निर्' उपसर्ग लगे हुए कोई दो शब्द लिखिए।

(iii) 'आलु' प्रत्यय से को शब्द बनाइए।

(iv) 'ईय' प्रत्यय लगे हुए कोई दो लिखिए।

(v) दिए गए निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्द अलग करके लिखिए।

(क) अतिक्रमण (ख) स्नेहिल

**प्रश्न-4 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए-** 5x1= 5

i- 'पंचवटी' शब्द में कौन-सा समास है?

(क) द्वंद्व समास (ख) तत्पुरुष समास

(ग) द्विगु समास (घ) बहुव्रीहि समास

ii- 'कमलनयन' शब्द का सही समास-विग्रह क्या है?

(क) कमल है जो नयन (ख) कमल और नयन

(ग) कमल हैं जिसके नयन (घ) कमल में नयन

iii- 'रोगमुक्त' शब्द में कौन-सा समास है?

(क) बहुव्रीहि समास (ख) तत्पुरुष समास

(ग) द्विगु समास (घ) द्वंद्व समास

iv- 'वीणापाणि' शब्द का सही समास-विग्रह क्या है?

(क) वीणा है जो पाणि (ख) हाथ में वीणा

(ग) वीणा और पानी (घ) वीणा है हाथ में जिसके अर्थात् सरस्वती जी

v- जिस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं, उसे समास को .......................कहते हैं?

(क) बहुव्रीहि समास (ख) द्विगु समास

(ग) अव्ययीभाव समास (घ) द्वंद्व समास

**प्रश्न-5 निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें-** 5x1= 5

टूथ-पेस्ट चाहिए? यह दाँतों को मोती जैसा चमकीला बनाता है, यह मुँह की दुर्गंध हटाता है। यह मसूड़ों को मजबूत करता है और यह 'पूर्ण सुरक्षा' देता है। वह सब करके जो तीन-चार पेस्ट अलग-अलग करते हैं, किसी पेस्ट का 'मैजिक' फार्मूला है। कोई बबूल या नीम के गुणों से भरपूर है, कोई ऋषि-मुनियों द्वारा स्वीकृत तथा मान्य वनस्पति और खनिज तत्वों के मिश्रण से बना है। जो चाहे चुन लीजिए। यदि पेस्ट अच्छा है तो ब्रुश भी अच्छा होना चाहिए। आकार, रंग, बनावट, पहुंच और सफाई की क्षमता में अलग-अलग, एक से बढ़कर एक। मुँह की दुर्गंध से बचने के लिए माउथवॉश भी चाहिए। सूची और भी लंबी हो सकती है पर इतनी चीजों का ही बिल काफी बड़ा हो जाएगा, क्योंकि आप शायद बहु विज्ञापित और कीमती ब्रांड खरीदना ही पसंद करें। सौंदर्य प्रसाधनों की भीड़ तो चमत्कृत कर देने वाली है- हर माह उसमें नए-नए उत्पाद जुड़ते जाते हैं। साबुन ही देखिए। एक में हल्की खुशबू है, दूसरे में तेज। एक दिन भर आपके शरीर को तरोताजा रखता है, दूसरा पसीना रोकता है, तीसरा जर्म्स से आपकी रक्षा करता है। यह लीजिए सिनेस्टार्स के सौंदर्य का रहस्य, उनका मनपसंद साबुन।

**i- टूथ-पेस्ट की क्या उपयोगिता होती है?**

(क) दाँतों को मोती जैसा चमकीला बनाता है

(ख) मुँह की दुर्गंध हटाता है
(ग) मसूड़ों को मजबूत करता है
(घ) उपर्युक्त सभी

**ii- कोई बबूल या नीम के गुणों से भरपूर है- यह बात किसके लिए कही गयी है?**

(क) टूथ-पेस्ट के लिए
(ख) मसूड़ों के लिए
(ग) पूर्ण सुरक्षा के लिए
(घ) इनमें से कोई नहीं

**iii- मुँह की दुर्गंध से बचने के लिए क्या चाहिए?**

(क) बबूल
(ख) साबुन
(ग) माउथवॉश
(घ) नीम

**iv- सौंदर्य प्रसाधनों की भीड़ क्यों चमत्कृत कर देने वाली है?**

(क) सौंदर्य प्रसाधनों का बिल काफी बड़ा हो जाता है
(ख) हर माह नए-नए उत्पाद जुड़ते जाते हैं
(ग) ऋषि-मुनियों द्वारा स्वीकृत होता है
(घ) खनिज तत्वों के मिश्रण से बना होता है

**v- नहाने के साबुन का विज्ञापन किस तरह होता है?**

(क) यह हल्की खुशबू वाला है
(ख) यह आपके शरीर को तरोताजा रखता है,
(ग) यह जर्म्स से आपकी रक्षा करता है।
(घ) उपर्युक्त सभी तरह से

**प्रश्न-6 निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं तीन</u> के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में दीजिए-** 3x3= 9

(क) ब्रजभूमि के प्रति कवि का प्रेम किन-किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है?

(ख) कैदी और कोकिला कविता में कवि ने कोकिल के बोलने के किन कारणों की संभावना बतलाई है?

(ग) वस्तुओं को खरीदने का आधार वस्तु की गुणवत्ता होनी चाहिए या उसका विज्ञापन? तर्क देकर स्पष्ट करें।

(घ) किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी प्रेमी बना दिया?

**प्रश्न-7 निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में दीजिए-** 3x2= 6

(क) लेखिका ने अपनी नानी को कभी देखा भी नहीं फिर भी उनके व्यक्तित्व से वे क्यों प्रभावित थीं?

(ख) लेखिका की परदादी ने पतोहू के लिए पहले बच्चे के रूप में लड़की पैदा होने की मन्नत क्यों माँगी?

(ग) 'शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है'- इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए।

.................................................................................................................................

द्वारा :
सन्तोष कुमार कुशवाहा, सह-प्रशिक्षक (हिंदी)
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
शिक्षा एवं प्रशिक्षण का आंचलिक संस्थान, चंडीगढ़